तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


2 मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 800 दर्शनार्थी हुए रवाना




Chaitanya

chaitanya NEET Academy

कम फीस में, बेहतर शिक्षा डॉ बनने का सपना पूरा करें

ADMISSION OPEN

NEET Dropper Batch

CRASH COURSE | DROPPER COURSE | FOUNDATION COURSE

अम्बिकापुर : बनारस रोड सुभाषनगर अम्बिकापुर (छ.ग.)
बिलासपुर : ईदगाह चौक, शिशु भवन के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
रायपुर : महादेव घाट चौक के पास, रायपुरा, रायपुर (छ.ग.)
जगदलपुर : LIC ऑफिस के पास चित्रकूट रोड, धरमपुरा I नं., जगदलपुर (छ.ग.)

9202462730


## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव पर रामायण पाठ आज

**अम्बिकापुर।** पीजी कॉलेज के सामने स्थित दक्षिण मुखी बालाजी हनुमान मंदिर में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर विविध धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। हनुमान जन्मोत्सव पर शुक्रवार को सुबह 10 बजे रामचरित मानस का अखण्ड पाठ प्रारम्भ किया जाएगा तथा शनिवार को प्रातः संकट मोचन का अलौकिक श्रृंगार उपरांत विशेष पूजा की जाएगी। सायं काल पूर्णाहूति पर रात्रि 7 बजे भण्डारा होगा।

### विद्यालय स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 13 को

**अम्बिकापुर।** चेस इन स्कूल कार्यक्रम के तहत 13 एवं 14 अप्रैल को स्कूली बच्चों के लिए शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन मास्टर माइंड इंग्लिश मीडियम स्कूल में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग की महिला खिलाड़ी एवं विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भाग ले सकते है। प्रतियोगिता में अंडर 11,13, 15 व 17 आयु वर्ग में विजेता बच्चों और महिला वर्ग के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता का प्रवेश शुल्क सौ रूपए निर्धारित किया गया है।

## कोरिया में जीबीएस के पांच मरीज, दो का उपचार अब भी जारी

# संभाग में भी मिल रहे गुलियन बैरे सिंड्रोम के मरीज कोरिया के बाद सरगुजा में भी सामने आए केस


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- आईसीएमआर ने किया दौरा

कोरोना के बाद अब देश में गुलियन बैरे सिंड्रोम का खतरा लोगों पर मंडराने लगा है और देशभर में तेजी से इसके मरीज सामने आ रहे है। इस बीच सरगुजा संभाग से भी जीबीएस के मरीज सामने आने की पुष्टि हुई है। संभाग के कोरिया जिले में अब तक पांच जीबीएस मरीज आ चुके है जबकि सरगुजा में दो संभावित मरीजों को रायपुर रिफर किया गया है और उनके सैम्पल को जांच के लिए भेजा गया है। इस खतरनाक बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। हालांकि चिकित्सकों का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और लोगों को घबराने की जरुरत नहीं है लेकिन इस बीमारी के प्रति लोगों को सतर्क रहने की जरूरत बताई जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी इस बीमारी को लेकर प्रदेश में अलर्ट जारी करने के साथ ही लोगों के उपचार के लिए एम्स का चयन किया गया है।

बता दें कि देश में कोरोना महामारी के बाद अब जीबीएस नामक बीमारी चिकित्सकों की चिंता का कारण बनी हुई है। देश के कई राज्यों में गुलियन बैरे सिंड्रोम के केस मिल रहे थे और अब इस बीमारी ने सरगुजा संभाग में भी दस्तक दे दी है। पिछले कुछ कुछ महीनों में संभाग के कोरिया जिले में गुलियन बैरे सिंड्रोम के पांच केस सामने आए थे। इनमें से तीन मरीज लम्बे उपचार के बाद अब पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर घर लौट चुके है जबकि दो मरीजों को वेंटीलेटर में रखने की जरुरत पड़ गई थी। गनीमत है कि अब इन दो मरीजों को भी वेंटीलेटर से निकालकर सामान्य वार्ड में भर्ती कर दिया गया है लेकिन उनका उपचार जारी है। वहीं हाल ही में सरगुजा जिले में भी जीबीएस के दो संभावित मरीज सामने आए है। दोनों मरीजों को उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया है और उनका उपचार एम्स में चल रहा है। बड़ी बात यह है कि संभावित मरीजों में एक महिला है और दूसरा 9 साल का बच्चा है और उनके दोनों तरफ के अंगों ने काम करना बंद कर दिया है। फिलहाल इन मरीजों में जीबीएस के कीटाणु नहीं मिले है लेकिन मांसपेशी में संकुचन से इसका पता लगाया गया है। संभाग में केस मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है और यही वजन है कि आईसीएमआर की टीम पहले ही सरगुजा आकर जा चुकी है और यहां के चिकित्सकों को इस बीमारी से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है।



### क्या है गुलियन बैरे सिंड्रोम

विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि गुलियन बैरे सिंड्रोम एक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है। जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम, जो आमतौर पर बीमारियों से बचाता है, अचानक शरीर को ही अटैक करना शुरू कर देता है। इसी वजह से इसे ऑटो इम्यून डिसऑर्डर कहा जाता है। आसान भाषा में कहें, तो इस सिंड्रोम से जूझ रहा एक व्यक्ति को बोलने में, चलने में, निगलने में, मल त्यागने में या रोज की आम चीजों को करने में दिक्कत आती है। यह स्थिति समय के साथ और खराब होती जाती है। जिससे व्यक्ति का शरीर पैरालाइज हो जाता है। गुलियन बैरे सिंड्रोम कोई नई बीमारी नहीं है लेकिन अब भारत में इसके मरीज मिलने लगे है। ये बीमारी वायरल इन्फेक्शन, बैक्टीरियल इन्फेक्शन या वैक्सीन लगने के बाद शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बनती है उसके कारण ये बीमारी होती है और इस बीमारी में मनुष्य के शरीर के नसों के तंतु जो मांस पेशियों के संकुचन के लिए आवश्यक है उन तंतुओं के विरुद्ध एंटीबॉडी विकसित हो जाती है और मांसपेशियां काम करना बंद कर देती है। ये बीमारी बच्चों में नहीं होती है, बुजुर्गों कोई ज्यादा खतरा होता है लेकिन वर्तमान में देखा जा रहा है कि 18 से 45 की उम्र वाले लोगों में ये बीमारी ज्यादा देखने को मिल रही है।

### क्या है जीबीएस के लक्षण

वैज्ञानिकों को अभी तक गुलियन बैरे सिंड्रोम होने के पीछे की वजहों का पता नहीं चल सका है। हालांकि, आमतौर पर यह बीमारी एक व्यक्ति को तब होती है, जब वह हाल ही में संक्रमण से रिकवर हुआ हो। शरीर में जब तक किसी प्रकार का इन्फेक्शन जब एक्टिव रहता है तब ये बीमारी नहीं होती है जैसे ही मरीज ठीक होता है उसके बाद ये बीमारी चालू होती है। महामारी नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि जीबीएस बीमारी हमारे शहर में निचले हिस्से से हमला करती है। इसे इस तरह से समझा जा सकता है कि आम तौर पर लकवा में व्यक्ति के शरीर के एक तरफ का अंग काम करना बंद करता है लेकिन जीबीएस हमारे पैर के तलवे से शुरू होती है। तलवे में झुनझुनी शुरू होती है जो पैर से होते हुए कमर और फिर ऊपर डायफ्राम तक पहुंचती है। इसमें शरीर के दोनों तरफ के हिस्सों पर बराबरी से असर पड़ता है और यही वजह है कि जब डायफ्राम का संकुचन प्रभावित होता है तो सांस लेने में दिक्कत ही है और इसके बाद ही किसी मरीज में जीबीएस का पता चल पाता है। इस बीमारी में पहले पैर में जलन, खुजली होती है और फिर धीरे धीरे मरीज को सांस लेने में दिक्कत होती है।

### कैसे होती है जांच और उपचार

विशेषज्ञों का कहना है कि यह संक्रामक बीमारी नहीं है लेकिन ये जिस कारण से होता है वो आगर बढ़ जाए तो जीबीएस के मरीज की संख्या बढ़ जाएगी। इस बीमारी की जांच की सुविधा फिलहाल छत्तीसगढ़ में नहीं है। मरीज के मल मूत्र, ब्लड से तो इसकी जांच होती है इसके साथ ही मांसपेशियों के संकुचन से भी इसका पता लगाया जाता है। वहीं सेरिब्रोस्पाइनल फ्लूड (सीएसएफ) से इसका पता लगाया जाता है। चिकित्सकों के अनुसार इस बीमारी का इलाज इम्यूनोग्लोबिन है जो काफी महंगा उपचार है। ये इंजेक्शन डेढ़ से ढाई लाख रूपए तक में आते है। इस बीमारी के औसतन एक लाख की आबादी में एक व्यक्ति को होने की संभावना रहती है लेकिन इस बीमारी में मृत्यु दर 2 से 3 प्रतिशत है।

### नहीं है घबराने की जरुरत

जीबीएस के पांच केस कोरिया जिले में सामने आए थे जिनमें से तीन अब स्वस्थ है और दो मरीजों को वेंटीलेटर से बाहर निकाल लिया गया है। सरगुजा के दो संभावित मरीजों का उपचार भी रायपुर में चल रहा है। जीबीएस को लेकर आईसीएमआर की टीम सरगुजा आई थी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। यदि किसी में इस तरह के लक्षण आते है तो वे तत्काल चिकित्सकों से सलाह लें।

-डॉ. अनिल शुक्ला, जेडी स्वास्थ्य सेवाएं

### मांसपेशियों पर होता है असर

जीबीएस में मनुष्य के मांसपेशियों पर असर पड़ता है और शरीर के दोनों तरफ के अंग एक साथ प्रभावित होते है। पैर के तालू में जलन, झनझनाहट से शुरू होकर डायफ्राम तक इसका असर होता है। इससे सांस लेने में समस्या होती है और इंसान चलने फिरने में असमर्थ हो जाता है। हमारे यहां से दो संभावित मरीज सामने आए थे जिन्हें उपचार के लिए एम्स भेजा गया है।

-डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता
नोडल अधिकारी, महामारी नियंत्रण कार्यक्रम

# ठग अब बोर्ड परीक्षा में पास कराने के एवज में कर रहे ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सरगुजा पुलिस ने जारी की चेतावनी

साइबर ठगों ने अब ठगी का नया तरीका अपनाते हुए अब बोर्ड परीक्षा में पास कराने के नाम पर लोगों को अपना शिकार बना शुरू कर दिया है। जिले में ऐसे कुछ मामले सामने आए है जिसके बाद पुलिस विभाग द्वारा लोगों को सर्तक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया है।

पुलिस विभाग के अनुसार वर्तमान मे 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा के बाद सायबर ठग नयी प्रकार की ठगी की घटना कारित कर रहे हैं, कुछ दिनों पूर्व अन्य जिले मे बोर्ड की परीक्षा दे चुके बच्चों के पालकों को अनजान नम्बरों से फोन कॉल आए और फ़ोन कॉल मे साइबर ठग बच्चों कों बोर्ड परीक्षा मे पास करवाना की जिम्मेदारी लेकर, परीक्षा के नम्बरो कों बढ़ाने का झांसा देकर पालको से एक निश्चित रकम की मांग की गई, सायबर ठग विद्यार्थियों के पालकों को फोन कर 5 से 10 हजार की डिमांड करते हैं। कुछ शातिर गिरोह परीक्षा परिणाम से जुड़ी फर्जी कॉल्स के जरिए छात्रों और उनके अभिभावकों को झांसे में लेकर ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं। ये फर्जी कॉलर खुद को शिक्षा मंडल का अधिकारी या किसी प्रभावशाली व्यक्ति से जुड़ा होना बताकर कहते हैं कि वे नंबर बढ़वा सकते हैं या फेल हुए छात्र को पास करवा सकते हैं। बदले में वे मोटी रकम की मांग करते हैं और कई बार पालक इस तनावभरी स्थिति में उनके झांसे में आ भी जाते हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कोई भी अज्ञात कॉलर यदि परीक्षा परिणाम या नंबर बढ़ाने की बात करे, तो सर्वप्रथम अपनी बैंकिंग जानकारी ओटीपी, यूपीआइ डिटेल्स ना दे। अफवाह फैलाने से बचें। हर सूचना की पुष्टि स्कूल या परीक्षा केंद्र से करें, ऐसी घटना साइबर ठगों द्वारा ईजाद की गई हैं, अगर आपका भी बच्चा बोर्ड परीक्षा मे शामिल हुआ हैं तो आपको जागरूक होने की आवश्यकता हैं। सरगुजा पुलिस का कहना है कि विद्यार्थी और पालक ऐसे फर्जी कॉल को ध्यान ना दे उक्त नंबर को तत्काल ब्लॉक करें, साथ ही साइबर के ऑनलाइन जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत सूचना देकर नजदीकी पुलिस स्टेशन अथवा साइबर सेल मे भी सूचना प्रदान करें।

## परीक्षा के दौरान गिरा दीवार पर लगा मार्बल, 4 घायल

**अम्बिकापुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय रघुनाथनगर में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के ऊपर दीवार पर लगा मार्बल गिर गया। दुर्घटना में तीन छात्राएं एवं एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार को नवीन महाविद्यालय रघुनाथ नगर में स्नातक की परीक्षा चल रही थी। कक्षा में उपस्थित छात्र-छात्राएं प्रश्नों के उत्तर लिखने में व्यस्त थे। इस दौरान कक्षा की दीवार पर लगा मार्बल अचानक भरभराकर छात्र-छात्राओं के ऊपर गिर गिया। इस दौरान सिर में चोट लगने के कारण एक छात्र लहुलुहान हो गया वहीं पास में बैठी तीन छात्राएं घायल हो गई। तत्काल घायल छात्र-छात्राओं को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल छात्र को जिला अस्पताल रिफर कर दिया वहीं छात्राओं का उपचार कर छुट्टी दे दी गई। घटना से नाराज छात्र-छात्राओं एवं परिजन ने महाविद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है तथा नाराजगी जाहिर की है।


D'HILLOCKS PUBLIC SCHOOL AMBIKAPUR (C.G.)

डी.हिलॉक्स पब्लिक हाई स्कूल





प्रवेश प्रारंभ

केजी 1 से कक्षा 12वीं तक

प्रमुख विशेषताएं...

- इंग्लिश मीडियम स्कूल
- गणित/जैव/कॉमर्स/एग्रीकल्चर
- कम्प्यूटर एवं एटीएल प्रयोगशाला
- संगीत/नृत्य/स्पोर्ट्स / योग कक्षाएं
- संपूर्ण कैम्पस की CCTV से निगरानी
- आदर्श छात्र-शिक्षक अनुपात
- बस सुविधा उपलब्ध
- प्रकृति की गोद में स्थित बेहतरीन स्कूल
- मनोरंजक गतिविधियां, समर्पित खेल शिक्षक

पता : अम्बिकापुर, प्रवेश हेतु संपर्क करें : 9302075963, 7000687746

10 Ambikapur-pg 2-0_Layout 1 4/10/2025 10:01 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### तीन नए कानूनों का विवेचकों को दिया गया प्रशिक्षण

**राजपुर।** तीन नए कानून के तहत आरोपियों को सजा दिलाने और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से अनुभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में एसडीओपी द्वारा विवेचकों की बैठक लेकर विवेचना में आरोपियों को सजा दिलाने और पारदर्शिता लाने तीन नए कानून के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। 10 अप्रैल को जनपद पंचायत राजपुर के सभागार में कुसमी अनुभाग के थाना राजपुर, शंकरगढ़, कुसमी, सामरी, करौंधा, चौकी बरियों के समस्त विवेचकों, वरिष्ठ आरक्षकों को नवीन आपराधिक कानून, विवेचना से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। विवेवचना संबंधी जानकारी पुलिस अनुभागिय अधिकारी कुसमी इमानुएल लकड़ा व सहायक लोक अभियोजन अधिकारी केशव रजक द्वारा भारतीय नागरिक सहिंता, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता, भारतीय साक्षय अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में अनुभाग स्तर के कुल 40 विवेचक के साथ ही थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### एसडीएम ने सुशासन तिहार का किया निरीक्षण



**रामानुजनगर।** जनपद पंचायत रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारकापुरी के पंचायत भवन में आयोजित सुशासन तिहार का एसडीएम एवं तहसीलदार ने निरीक्षण किया और एसडीएम अजय मोडियन ने बताया कि यह तिहार 11 अप्रैल तक चलेगा। आम नागरिक अपनी मांग और शिकायत से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। आवेदन की सुविधा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध कराई गई है। इस दौरान सरपंच रामातार सिंह, पूर्व उपसरपंच परमेश्वर यादव, रोजगार सहायक मंजुला सिंह, मुखसाय सिंह, उपसरपंच अनिता यादव, निराशो सिंह, बधानों बाई, बनीता सिंह सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में रखी गई समाधान पेटी

**अम्बिकापुर।** सुशासन तिहार के तहत कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थित अधीक्षक क कक्ष के बाहर समाधान पेटी रखी गई है, जिसमें जिले के नागरिक अपनी समस्याओं एवं उनसे जुड़े समाधान के लिए आवेदन पत्र कर सकते हैं। राज्य शासन द्वारा आम जनता की समस्याओं को सीधे जिला प्रशासन तक पहुँचाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। समाधान पेटी में डाले गए आवेदनों की निश्चित समयावधि में समीक्षा कर त्वरित समाधान किया जाएगा। कलेक्टर ने जिले वासियों से आह्वान किया कि अपने सुझाव, शिकायतें एवं समस्याएं लिखित रूप में समाधान पेटी में डालें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी ने दिखाई हरी झंडी

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 800 दर्शनार्थी हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- उज्जैन, ओंकारेश्वर एवं महाकालेश्वर तीर्थ का करेंगे दर्शन

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत गुरुवार को सरगुजा संभाग के लगभग 800 दर्शनार्थी उज्जैन, ओंकारेश्वर एवं महाकालेश्वर तीर्थ हेतु भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से रवाना हुए। महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े व महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने फीता काटकर एवं ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से दर्शनार्थियों को रवाना किया। इसमें अंबिकापुर जिले के 206 दर्शनार्थी शामिल हैं।

इस दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि आज मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सरगुजा सम्भाग के दर्शनार्थियों को लेकर ट्रेन रवाना हो रही है। दर्शनार्थी उज्जैन, ओंकारेश्वर एवं महाकालेश्वर तीर्थ दर्शन करेंगे। हम सभी की इच्छा होती है कि तीर्थ यात्रा पर जाएं, लेकिन कुछ कारणों से नहीं जा पाते। ऐसे लोगों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की शुरुआत की गई थी। अब यह योजना हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा पुनः शुरू की गई है। योजना का लाभ अब वृद्धजनों के साथ ही दिव्यांग एवं विधवा परित्यक्ता महिलाओं को भी प्राप्त होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से ट्रेन के अंदर मुलाकात कर यात्रा के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान अम्बिकापुर रेल्वे स्टेशन से ज़िला सरगुजा एवं जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के श्रद्धालु रवाना हुए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े स्वयं दर्शनार्थियों के साथ ट्रेन में बैठकर सूरजपुर जिले हेतु रवाना हुई, उन्होंने यहां सूरजपुर रेल्वे स्टेशन से सूरजपुर जिले के दर्शनार्थियों तथा आगे बैकुंठपुर रेल्वे स्टेशन से कोरिया एवं एमसीबी जिले के दर्शनार्थियों को रवाना किया।

इस दौरान ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पार्षद आलोक दुबे, अनिल सिंह मेजर, करता राम गुप्ता, अम्बिकेश केसरी, श्रीमती फुलेश्वरी सिंह पैकरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर सुनील नायक, उप संचालक समाज कल्याण विभाग डॉ. स्वेच्छा सिंह तथा जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करतीं मंत्री।

### योजना के तहत वरिष्ठ नागरिक हुए रवाना

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत विशेष तीर्थ दर्शन हेतु आज गुरुवार के दिन वरिष्ठ नागरिकों को रवाना किया गया। वरिष्ठ नागरिकों को उज्जैन, ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर मंदिरों में ले जाया जाएगा। गुरुवार की सुबह नगर पंचायत बिश्रामपुर में शासन के मंशानुरूप वरिष्ठ नागरिकों क्रमशः उषा देवी, बिछादी राय, शकुंतला देवी सोनी, सुनीता देवी, मनमोहन झा, सुरेंद्र कुमार चौधरी, सुचिता चौधरी, शिववचन सोनी, संगीता त्रिपाठी, रैमुन देवी तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया गया है।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जा रही है। इस चरण में 10 अप्रैल से 13 अप्रैल तक तीर्थयात्री उज्जैन के प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे। इस दौरान नगर पंचायत बिश्रामपुर के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, पार्षद रविशंकर बउवा, पार्षद रामजीत यादव, दीना यादव के अलावा नपं बिश्रामपुर सीएमओ सुशील कुमार तिवारी व अन्य उपस्थित थे।



# हितग्राहियों को नहीं मिल रहा शक्कर व चना, जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत के बाद भी नहीं हुआ सुधार, पार्षद ने दी आंदोलन की चेतावनी



नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों में संचालकों की मनमानी चरम पर है। आलम यह है कि विगत पांच छह महीनों से हितग्राहियों को सिर्फ चावल थमाकर वापस भेज दिया जा रहा है जबकि चना और शक्कर का वितरण बंद कर दिया गया है। उचित मूल्य दुकानों में कुछ हितग्राहियों को चावल वितरण में भी गड़बड़ी की जा रही है और निर्धारित मात्रा से कम चावल दिया जा रहा है जिसे लेकर हितग्राहियों में खासी नाराजगी है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से लगातार शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने विरोध जताया। इसके साथ ही नागरिकों के साथ ही पार्षद ने भविष्य में आंदोलन की चेतावनी दी है।

बता दें कि नगर पंचायत क्षेत्र में तीन उचित मूल्य दुकान संचालित है। इन दुकानों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्न वितरण किया जाना है लेकिन वर्तमान में सिर्फ लोगों को चावल का वितरण हो रहा है जबकि शक्कर चना का वितरण बंद है। विगत पांच माह से लोगों को चना नहीं मिला है जबकि 6 माह से शक्कर नहीं दिया गया है। इस समस्या को लेकर वार्ड क्रमांक 12 में संचालित उचित मूल्य दुकान के हितग्राहियों ने वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद रमेश जायसवाल से मिलकर शिकायत की है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष रमेश जायसवाल ने कहा कि राशन वितरण प्रणाली में भारी लापरवाही बरती जा रही है जिसकी शिकायत नगर पंचायत में की जाएगी और उसके बाद भी सही तरीके से संचालन सही नहीं किया गया तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। वार्ड क्रमांक 11 के निवासी सुनीता गुप्ता सहित अन्य हितग्राहियों का आरोप है कि सोसाइटी में चना शक्कर 6 महीना से कभी 1 किलो शक्कर तो कभी एक पैकेट चना दिया जाता है। चावल भी कम तोलकर करके दिया जा रहा है। यही नहीं अंगूठा लगाकर भी केवल चावल दिया जाता है चना शक्कर नहीं आएगा बोलकर भेज दिया जाता है। दुकान संचालक द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही हैं। इस दौरान पार्षद ईश्वर राजवाड़े, पार्षद लक्ष्मी सिंह, नागरिक अनीता यादव, सुनीता गुप्ता, हिमानिया भाई, सनी राजवाड़े, अक्षय भगत, गोलू यादव, दिनेश राजवाड़े, नाथूराम पटेल, विगान खड़िया, मंगल खड़िया, राम प्रसाद राजवाड़े, बेचन राम एवं वार्डवासी मौजूद थे।

#### दुकान संचालक नहीं दे रहे जानकारी

चावल और चना प्रति माह सोसायटी में आ रहा है वर्तमान में शक्कर का भण्डारण नहीं हो रहा है। उचित मूल्य दुकान संचालक अपने भण्डारण की सही जानकारी नहीं दे रहे है। व्यवस्था में सुधार कराया जाएगा।
-एलपी वर्मा, फूड इंस्पेक्टर

### जिपं सीईओ ने समाधान पेटी में मिले आवेदनों का लिया जायजा

**सूरजपुर।** सुशासन तिहार अंतर्गत प्रथम चरण में लोगों द्वारा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन देने का सिलसिला शुरू हो गया है। आवेदक समाधान पेटी के माध्यम से अपने आवेदन सुगमता पूर्वक जमा कर पा रहे हैं या नहीं इस बात का जायजा लेने के लिए जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू जनपद पंचायत के नेवरा व नवगई पहुंची। उन्होंने आवेदन जमा करने पहुंचे आवेदकों से चर्चा की और वहां उपस्थित संबंधित अधिकारियों को पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्राम पंचायत नेवरा और नवगई में भ्रमण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। पात्र लाभार्थियों की जानकारी ली गई और शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होने जनपद सीईओ को निर्माण कार्य के प्रत्येक स्तर की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



## तीन नए कानूनों को लेकर पुलिस अधिकारी जवानों को दिया गया प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, एसडीओपी अभिषेक पैंकरा, एसडीओपी सौरभ उईके, डीएसपी अनूप एक्का, रितेश चौधरी द्वारा पुलिस अधिकारी व जवानों को कानून के प्रावधानों का विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि कहा कि प्रत्येक नागरिक किसी न किसी प्रकार से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में कानून से जुड़ा होता है। ऐसे में आवश्यक है कि हम सभी कानून में हुए बदलाव को लगातार अध्ययन करें व इसे समझे। जब हम अपडेट रहेंगे तो कार्य करने में कोई कठिनाई नहीं आएगी, अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुख्ता साक्ष्य संकलित कर आरोपी को न्यायालय से सजा दिलाने, नए कानून में जीरो एफआईआर पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम एसएमएस के जरिये समन भेजने और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल किए गए है जिसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस अधिकारी व जवानों से कहा कि पुलिस का मुख्य कर्तव्य अपराध की रोकथाम और कानून व्यवस्था को बनाए रखना है। पुलिस का उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा की भावना को बढ़ाना और उनके परिवार की चिंता को कम करना है। महिला संबंधी अपराधों की विवेचना में पूर्ण सावधानी बरतने के निर्देश दिए।




### राष्ट्रीय सम्मेलन में नई केन्द्रीय समिति का किया गया गठन

**बिश्रामपुर।** ऑल इंडिया डिप्लोमा इंजीनियर्स एंड ऑफिशियल्स एसोसिएशन का दुसरा राष्ट्रीय सम्मेलन कम्युनिटी हॉल बरोरा एरिया बीसीसीएल धनबाद में संपन्न हुआ। जिसमें कोल इंडिया के सभी सब्सीडरी अध्यक्ष/ महासचिव व सैकड़ो पदाधिकारी उपस्थित हुए।सम्मेलन में कोल इडिया में कार्यरत माइनिंग स्टॉफ के विभिन्न समस्याओ के निराकरण तथा एसोसिएशन को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण गतिविधियों के संबंध में चर्चा हुई,सम्मेलन में तय किया गया कि एसोसिएशन सभी मुद्दो को लेकर जरूरत पड़ने पर आन्दोलन करने के लिए तैयार है। इस सम्मेलन में नए केन्द्रीय समिति का गठन किया गया, जिसमें एसोसिएशन का राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द कुमार प्रजापति एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र व राष्ट्रीय महासचिव आर के तिवारी बीसीसीएल धनबाद तथा कोषाध्यक्ष आर आर दास व प्रबोध कुमार सेन सीसील को बनाया गया।केन्द्रीय समिति में एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अरूण कुमार पाण्डेय को कार्यकारी अध्यक्ष तथा सोहागपुर क्षेत्र के अंकित कुमार मिश्रा को केन्द्रीय संगठन सचिव को बनाया गया।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 23 अप्रैल 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
रविवार, 27 अप्रैल 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
- सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
- पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
- झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
- Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
- जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
- लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
- Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 12 अप्रैल, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 78699 17120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरु
लेजर के फायदे
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

अब आपके शहर अम्बिकापुर में
डॉ. एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार -हृदय रोग
दिनांक 12 अप्रैल 2025, दिन - शनिवार
समय: सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
नोट:- डॉ.साहब प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
प्रकाश हास्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

सिटी हॉस्पिटल
पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास, धन्जल कॉम्प्लेक्स, रिंग रोड, अम्बिकापुर
Dr. B.MINJ Reg. No. MP-5597
Director of Vishesh Spine & Pain Management Bhopal
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
Interventional Pain Physician Trained in Advance Pain management Procedure from Balaji Action Hospital Delhi, Daradia Pain Management Centre Kolkata
98277 31775, 8269905199
बिना ऑपरेशन के पीठ दर्द, कमर दर्द, सियाटिका, गर्दन दर्द एवं अन्य दर्द का इलाज वर्तमान में प्रचलित पद्धति एवं आधुनिक मशीनों द्वारा इलाज
गर्दन दर्द, कन्धे का दर्द, कमरदर्द, स्लिप डिस्क एवं साइटिका, ट्रायजेमिनल- न्यूरलाजिया, पसलियों का दर्द एवं मांसपेशियों का दर्द/कैंसर संबंधी दर्द (Chronic Pain), किसी भी प्रकार का तीन महीने से पुराना दर्द जो कि दवाईयों या फिजियोथेरेपी से ठीक नहीं हो पाता है उसका इलाज पैन मैनेजमेंट पद्धति द्वारा किया जाता है।
Endoscopic Discectomy / Disc FX Procedure- सुईनुमा उपकरण/दूरबीन द्वारा स्लिप डिस्क को निकालना
Ozone Therapy- स्लिप डिस्क/साईटिका का ओजोन द्वारा इलाज
PRP (Platelet Rich Plasma) Therapy (Regeneration Therapy)- जोड़ों का दर्द, टेनिस एल्बो, एड़ी का दर्द Planter Fascitis एवं अन्य प्रकार के Tendinopathies
Radiofrequency Ablation (RFA)- दर्द की नसों को पहचान कर उसका इलाज
म.प्र. के प्रसिद्ध पेन फिजिशियन एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ. बी. मिंज अब सिटी हॉस्पीटल अम्बिकापुर में प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार (अगले माह 13 अप्रैल 2025) को उपलब्ध रहेंगे
समय : सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
8770826055, 7987664630

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिक एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. भुवन शर्मा MD, DM (Neurologist)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ... डॉ संजय कुमार अग्रवाल MBBS, MD Medicine (Delhi) DM (Gastro) BHU Varanasi
छ.ग. के विशेष स्पाईन एण्ड पेन मैनेजमेंट डॉ. बी. मिंज MBBS,MD FIPM (Fellowship in Pain Management)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
13 अप्रैल 2025 प्रत्येक माह के दूसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
डॉ. तुषार जैन
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोराना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S, M.D., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हॉस्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थॉयराईड हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जांच एवं उपचार हेतु
दिनांक - 13 अप्रैल 2025 दिन - रविवार, सुबह 11 बजे से 3
डॉ. दीपक अग्रवाल
एम.बी.बी.एस., डी, आर्थो (एफ.पी.ओ.) हड्डी रोग विशेषज्ञ
सभी प्रकार के कमर दर्द, घुटने का दर्द, वात रोग एवं सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग संबंधित विकृति का सम्पूर्ण ईलाज।
दिनांक - 11 अप्रैल 2025 दिन - शुक्रवार, सुबह 11 से 3
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 73542 60555

डॉ हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
जनरल मेडिसिन एवं एंडोक्रिनोलॉजिस्ट (मधुमेह, थायराइड एवं हार्मोन स्पेशलिस्ट)
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के सामने, अम्बिकापुर
+919617605000, +917049985558
24x7 इमरजेंसी सेवा भर्ती, एवं आई.सी.यु. ऑपरेशन
शुगर, थायरॉइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी), अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाइफाइड, निमोनिया (फेफड़ों में इन्फेक्शन), मलेरिया
अर्थराइटिस (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UIT (पेशाब में जलन), पैरों में जलन या सूजन, अनियमित महावरी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सर में दर्द), गैस्ट्राइटिस (पेट में दर्द या जलन होना)

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रज्ञा ओझा
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
- गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
- बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
- मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
- मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
- स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
- बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

## खबर संक्षेप



### पंडा ने स्वयं के खर्च से कराया मंदिर का निर्माण

**राजपुर।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम लडुआ कापु टोंगरी में वर्षों पुराना कच्चे मंदिर का जीर्णोद्धार करते हुए वहां के पंडा ने अपने स्वयं के खर्चे से नया पक्के मंदिर का निर्माण कराया है। झाड़ फूक का काम कर जड़ी बूटी से इलाज करने वाले पंडा ग्राम लडुआ निवासी बटई राम को लगभग 30-35 वर्ष पहले शिव मंदिर बनाने के लिए सपना आया जिसके बाद उन्होंने लडुआ के कापु टोंगरी में अस्थाई रूप से शिवलिंग का स्थापना कर पुजा पाठ में लगे रहे। वहीं अब उन्होंने पुनः स्वयं के खर्चे से शिव मंदिर का निर्माण कराया। 10 फरवरी को शिवमंदिर हेतु वहां के सरपंच तिवारी राम के साथ मिलकर भूमि पूजन किया गया। शिवमंदिर के निर्माण पूर्ण होते ही 3 अप्रैल रामनवमी के अवसर पर उक्त शिव मंदिर का पूरे विधि विधान के साथ पूजा हवन कर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान कृष्णा राम टोप्पो, सरपंच तिवारी राम, देवसाय एक्का, सस्तु राम, सोहर साय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्कॉउट्स एवं गाइड्स ने खोले दो प्याऊ



**अंबिकापुर।** गर्मी के मौसम में लोगों को राहत देने के उद्देश्य से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ द्वारा जिले में 2 अलग अलग स्थानों पर प्याऊ घर खोला गया। जिला शिक्षा अधिकारी व पदेन कमिश्नर सरगुजा अशोक सिन्हा ने बताया कि ब्लॉक अम्बिकापुर के स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल देवीगंज रोड के समीप जिला सचिव, जिला संगठन आयुक्त, प्राचार्य, स्काउटर, रोवर एवं स्काउट्स, गाइड्स की उपस्थिति में प्याऊ घर खोला गया। दूसरा प्याऊ घर बिलासपुर रोड के ग्राम मेड्राकला स्थित यात्री प्रतीक्षालय के समीप मेन्द्राकाला ग्राम सरपंच सीनियर रोवर्स, रेंजर्स की उपस्थिति में खोला गया, जिले में खुले सभी प्याऊ घरों में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक प्यासे आम नागरिकों को गुड़ पानी पिलाया गया। इन सभी प्याऊ घरों का संचालन जिला संघ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सीनियर स्काउट्स गाइड्स एवं रोवर्स रेंजर्स के माध्यम से किया जाएगा। प्याऊ घरों के उद्घाटन में अम्बिकापुर ब्लॉक में जिला सचिव महेंद्र सिंह, जिला संगठन आयुक्त योगेश विश्वकर्मा, प्राचार्य मीरा साहू, स्काउटर अजीत सिंह, सीनियर रोवर गोपाल सिंह, रवि यादव, रितेश विश्वकर्मा, आकाश मुंडा, सरपंच तेजन मिंज, दिगंबर यादव, सीनियर रोवर रवि यादव, राकेश दास, निर्मल भगत, रेंजर्स मानशी राजवाड़े, मालती राजवाड़े मौजूद थे।

### एनएसयूआई ने छात्रों को वितरित किया पेन

**राजपुर।** एनएसयूआई के छात्र नेता आदित्य विभु जायसवाल के नेतृत्व में बुधवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल में छात्र छात्राओं को पैन और



चॉकलेट वितरण कर स्थापना दिवस मनाया। छात्र नेता आदित्य विभु जायसवाल ने बताया कि एनएसयूआई लगातार छात्रों के हित की आवाज को शुरू से उठाते आई है। देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने एनएसयूआई की स्थापना की थी। इंदिरा जी की सोच थी छात्र वर्तमान ही नहीं देश के भविष्य है, और भविष्य का निर्माण करते हैं। इस कार्यक्रम में पार्षद राहुल भारती, नितिन गुप्ता, अनुराग गुप्ता, पीयूष केशरी, सूर्यकांत रवि, मोहित चौधरी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सम्मेलन में सक्रिय सदस्यों का किया गया सम्मान



**रामानुजगंज।** संगठन पर्व कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यालय में सक्रिय सदस्य सम्मेलन सह सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रभारी एवं मुख्यातिथि ओमप्रकाश सोनी,कन्हैयालाल अग्रवाल, जयप्रकाश गुप्ता, सैलेश गुप्ता, ललन यादव, मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, मोहन गुप्ता, डॉ.राकेश गुप्ता, दयाल विश्वास, अजय गुप्ता एवं पार्षद पवन गुप्ता, सुमित गुप्ता, विजय रावत, सुरेश पूरी, विकाश गुप्ता, अर्जुन दस, मुकेश जायसवाल, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में सक्रिय सदस्यों को अंगवस्त्र गमछा देकर सम्मानित किया गया।

## जिला मुख्यालय बनने के बाद विकास के नाम पर बिगड़ी व्यवस्था

# ऐसी नगर पालिका जहां 12 वर्षों से नहीं है पेयजल सप्लाई की व्यवस्था, बोर के पानी से बुझ रही प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

**खास बात**
- आज तक नहीं हुई पहल

जल ही जीवन है और पानी को मूलभूत सुविधाओं की श्रेणी में रखा गया है लेकिन बलरामपुर प्रदेश का शायद एक ऐसी नगर पालिका होगी जहां आज भी लोगों के घरो में पेयजल सप्लाई की व्यवस्था नहीं है। आज के समय में जब ग्राम पंचायतों में टंकी के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन जिला मुख्यालय होने के बाद भी विगत 12-13 वर्षों से नगरवासी बोर के पानी से अपनी प्यास बुझाने को मजबूर है। हैरानी की बात तो यह है कि पेयजल सप्लाई के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पानी टंकी भी बनी हुई है और पाइप लाइन का विस्तार भी वार्डों में हो चुका है लेकिन पानी सप्लाई को लेकर किसी प्रकार की कोई पहला पिछले वर्षों में किसी भी सरकार ने नहीं की। वर्षों पूर्व बन चुके ट्रीटमेंट प्लांट से सप्लाई के लिए अभी भी अधिकारी टेस्टिंग करने का ही दावा कर रहे है लेकिन पानी सप्लाई के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे है।

बता दें कि जिला बनने से पहले नगर में पानी सप्लाई के लिए पानी टंकी स्थापित थी, पाइप लाइन का विस्तार था और चनान नदी से लोगों के घरों में सुबह शाम पानी की सप्लाई होती थी लेकिन जिला बनने के बाद बलरामपुर में पानी सप्लाई की यह व्यवस्था पूर्ण रूप से ठप हो गई। वर्ष 2012 में जिला बनने के बाद वर्ष 2014 के आस पास विकास के नाम पर सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू हुआ और गौरव पथ का निर्माण भी कराया गया लेकिन इस निर्माण कार्य के दौरान बिछाई गई पाइप लाइन को उखाड़कर फेंक दिया गया और इसी के बाद से अब तक लोगों के घरों में पानी सप्लाई के लिए कोई व्यवस्था नहीं हो पाई है। पूर्व में भाजपा की सरकार और पांच साल के कांग्रेस के शासन काल में जिले का विकास हुआ लेकिन पानी जैसी मूलभूत सुविधा को लेकर किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। जनप्रतिनिधि हो या अधिकारी किसी ने भी इस विकराल समस्या से निपटने के लिए कोई पहल नहीं की और यही वजह कि लोग अपने घरों में बोर करके पीने और दैनिक उपयोग के लिए पानी की व्यवस्था कर रहे है जबकि वर्तमान स्थिति में ग्रामीण इलाकों में भी पानी टंकी स्थापित कर नल जल योजना के तहत लोगों के घरों तक पानी पहुंचाई जा रही है लेकिन दुर्भाग्य है कि जिला मुख्यालय के नगर पालिका क्षेत्र में लोगों को पानी नहीं मिल रहा है।



चनान नदी पर बना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट।

### 95 प्रतिशत घरों में बोर का उपयोग

नगर पालिका क्षेत्र में पेयजल सप्लाई की कोई व्यवस्था नहीं होने से नागरिकों का पूरा जीवन बोर के पानी पर निर्भर है। नगर के 15 वार्डों में लगभग 95 प्रतिशत घरों में बोर का उपयोग किया जाता है जबकि शेष लोग क्षेत्र में लगे सार्वजनिक हैण्डपम्प और बोर के सहारे निर्भर है लेकिन बड़ी बात यह है कि गर्मी के मौसम में भूजल स्तर नीचे जाने के बाद ज्यादातर घरों में भी पानी की कमी होने लगती है।

#### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी जर्जर

पूर्व में जल आवर्धन योजना के ठप होने के बाद चनान नदी से पेयजल सप्लाई के लिए व्यवस्था करने के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करने के साथ ही पाइप लाइन का विस्तार किया गया था। चनान नदी के किनारे ही डब्ल्यूटीपी का निर्माण कराया गया था। डब्ल्यूटीपी का निर्माण वर्ष 2012 में शुरू हुआ और 2014 में निर्माण पूर्ण हुआ। इसके साथ ही अधिकारियों का दावा है कि नगर पालिका क्षेत्र के 15 वार्डों में पानी सप्लाई के लिए पाइप लाइन का विस्तार भी हो चुका है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि इसके बाद भी अब तक लोगों को घरों में पानी नहीं मिल रहा है। देख रेख के आभाव में लाखों रूपए खर्च कर बनाया गया डब्ल्यूटीपी भी जर्जर होने की स्थिति में है डब्ल्यूटीपी से सप्लाई के लिए बिछाई गई राइजिंग पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

#### सूख गई नदी, कैसे हो सप्लाई

शहर में पेयजल सप्लाई के लिए डब्ल्यूटीपी का निर्माण चनान नदी किनारे किया गया है लेकिन वर्तमान में नदी पूरी तरह से सूख चुकी है। नदी सूखने के बाद कुछ किसानों द्वारा अलग अलग स्थानों पर पांच से छह हाथ बोर लगाए गए है और इस बोर के माध्यम से लोग अपने खेतों में पानी की सिंचाई कर रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि अधिकारी डब्ल्यूटीपी के टेस्टिंग की बात कर रहे है लेकिन जब नदी में पानी ही नहीं है तो टेस्टिंग कैसे होगी। नगर पालिका व जिला प्रशासन द्वारा अब तक किसी दूसरे विकल्प की ओर ध्यान नहीं दिया है।

### सार्वजनिक पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं

नगर में पहले जगह जगह टेप नल के माध्यम से सार्वजनिक पेयजल की व्यवस्था थी लेकिन जिला बनने के बाद इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीर भी पानी के लिए तरस जाते है। एनएच 343 होने के कारण इस मार्ग से अनेको यात्री वाहन गुजरते है और बसों के रुकने पर लोग पानी के लिए भटकते है। जबकि दूर दराज के गांव से आने वाले लोगों को भी पीने का पानी नसीब नहीं हो पाता है। इसे लेकर नगर के होटल व्यवसायी संजय गुप्ता ने कहा कि नगर पंचायत के जमाने में जिला बनने से पहले नल जल सप्लाई थी लेकिन आज पीने के पानी के लिए यहां वहां भटकना पड़ता है। इसी तरह न्यू बस स्टैंड बलरामपुर से गढ़वा जाने वाले सवारी विजय सिंह ने कहा कि इस बस स्टैंड से अच्छा पुराना बस स्टैंड था जहां पर कम से कम दो-दो सार्वजनिक नल थे जहां पीने का पानी मिल जाता था इस हाईटेक बस स्टैंड में तो पानी भी नसीब नहीं होती है।

#### किए जा रहे है प्रयास

नगर के 95 प्रतिशत घरों में लोग बोर के पानी का उपयोग करते है। नदी में फिल्टर प्लांट स्थापित है और पाइप लाइन बिछा हुआ है। पूर्व की सरकार ने इसपर कोई ध्यान नहीं दिया। हमारी सरकार इस समस्या को लेकर गंभीर है और पेयजल सप्लाई हेतु प्रयास किए जा रहे है।
दिलीप सोनी
उपाध्यक्ष नगर पालिका बलरामपुर

#### करनी है टेस्टिंग

नगर में फिलहाल लोगों द्वारा बोर के पानी का उपयोग किया जाता है। पेयजल सप्लाई के लिए डब्ल्यूटीपी बना हुआ है और पाइप लाइन का विस्तार वार्डों में हो चुका है। पीएचई विभाग को टेस्टिंग करनी है लेकिन चनान नदी में पानी ही नहीं है।
प्रणव राय
मुख्य नगर पालिका अधिकारी

## एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर नियुक्त किए गए पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के स्थापना दिवस कार्यक्रम ऑडिटोरियम भवन में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस मौके पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने बताया कि नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की छात्र शाखा है। इसकी स्थापना 9 अप्रैल 1971 को इंदिरा गांधी ने केरल छात्र संघ और पश्चिम बंगाल राज्य छात्र परिषद को मिलाकर एक राष्ट्रीय छात्र संगठन बनाने के बाद की थी। एनएसयूआई को 55 साल पूरे हो गए हैं।

शिक्षा, समानता और लोकतंत्र की भावना को लेकर एनएसयूआई ने हर मोर्चे पर संघर्ष किया और बदलाव की राह बनाई है। यह सिर्फ एक संगठन नहीं बल्कि हर छात्र-छात्राओं की उम्मीद, हक व आवाज है। आकाश ने कार्यकर्ताओं और एनएसयूआई सदस्यों को छात्र हितों के लिए प्रयासरत रहने की बात कहते हुए कहा कि एनएसयूआई ने हमेशा छात्र समुदाय के विकास और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए काम किया है। यह संगठन कॉलेज यूनिवर्सिटी में सक्रिय रहकर छात्र-छात्राओं की आवाज को उठाता रहा है। इस अवसर पर एनएसयूआई के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई जिसमें जिला कोषाध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, सूरजपुर नगर अध्यक्ष अमन रवि, बिश्रामपुर नगर अध्यक्ष अमन नायक, शिवनंदनपुर नगर अध्यक्ष पुनीत विश्वकर्मा, बिहारपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश देवांगन, भैयाथान ब्लॉक अध्यक्ष प्रभाकर सिंह, लटोरी ब्लॉक अध्यक्ष यश दास, प्रेम नगर ब्लॉक अध्यक्ष अनुज दास, उपाध्यक्ष के पद पर अंकित सिंह, राजू पाटले, महासचिव आकाश सिंह, पूनम राजवाड़े, सीमा मानिकपुरी, पीयूष कुशवाहा, प्रकाश दास, प्रेमसागर तिग्गा, आकांक्षा राजवाड़े, सचिव आरिफ अली, कुनाल यादव,कन्हैया रंजीत दुबे,अतुल पाटिल,पंकज सिंह, गुलशन राजवाड़े, सलाम अंसारी, सह सचिव वारिश ख़ान, नितेश साहू, मनोज साहू, रंजू सिंह, राजेश यादव, बिश्रामपुर कॉलेज अध्यक्ष प्रिंस जायसवाल की नियुक्ति की गई है। सभी नवनियुक्ति पदाधिकारियों को अतिथियों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, नरेश राजवाड़े, सुभाष गोयल, अश्विनी सिंह, राम कृष्ण ओझा, मनोज डालमिया, कुसुमलता राजवाड़े, इस्माइल ख़ान, जफर हैदर, मनोज अग्रवाल, नरेन्द्र यादव, आनंद कुंवर, विष्णु कसेरा, राजू सिंह, हेमलता राजवाड़े, जाकेश राजवाड़े, अविनाश यादव, राहुल जायसवाल, भावना सिंह,बाबूलाल राजवाड़े, सहित अन्य मौजूद रहे।

## भाजपा शिवनंदनपुर मंडल में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन



**बिश्रामपुर।** भाजपा संगठन के निर्देशानुसार शिवनंदनपुर भाजपा मंडल अंतर्गत ग्राम जयनगर बिंझिया सामुदायिक भवन में गुरुवार को भाजपा सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन किया गया। इसमें भाजपा मंडल अंतर्गत 220 लोगों को सक्रिय सदस्य बनाया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भटगांव विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी थीं। मुख्य अतिथि द्वारा यहां पर कार्यकर्ताओं को भाजपा के रीति और नीति के बारे में बताया गया। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को भाजपा के साथ जोड़ने का प्रयास किया जाने का आह्वान किया गया।मंडल प्रभारी व नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान द्वारा भाजपा के आगामी कार्यक्रम गांव चलो घर चलो अभियान एवं 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाने एवं आगामी कार्यक्रमों पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। इस दौरान शिवनंदनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, महामंत्री शीती कांत स्वाई, संदीप सरकार, विनोद साह, शनि मिश्रा, मनी बग्गा, दिलीप समद्दार, गणेश राम, श्यामू साहू, गौरांग मंडल, श्रीमती अंजू सिंह, अमर लाल, तारक सरदार व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल चांदो में सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक

**कुसमी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल चांदो में भाजपा सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन वन विभाग के निरीक्षण कुटीर में किया गया। बैठक में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा मुनी निकुंज, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी सहित कार्यक्रम प्रभारी अजीत सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष चांदो शिव शंकर शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित किया गया। बैठक में मौजूद चांदो मंडल के सभी भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित भाजपा के संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा पार्टी संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान श्याम सुंदर सिंह, सत्यनारायण गुप्ता, अशोक गुप्ता, देव सागर गुप्ता, कलापति नाग सहित चांदो मंडल के समस्त पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



## वैसाखी के पूर्व प्रबंधन कमेटी की नई कार्यकारिणी गठित

- दलजीत चुने गये अध्यक्ष, जसबीर सिंह बनाये गये सचिव

**बिश्रामपुर।** हर वर्ष की भांति इस बार भी वैसाखी पर्व से पूर्व गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की नवीन कार्यकारिणी सर्वसहमति से गठित की गई है।

हालांकि उक्त नवीन कार्यकारिणी का कार्यकाल दो वर्ष तक संचालित होना बताया गया है,10 अप्रैल दिन गुरूवार की दोपहर समाज के बीच हुए चुनाव में बतौर संरक्षक रणबीर भामरा,सुखदेव सिंह, बख्सिश सिंह मान बनाये गये हैं, अध्यक्ष पद के लिये दलजीत सिंह को चुना गया, उपप्रधान के लिये अवतार मान,मंजीत सिंह भामरा,इसके अलावा सचिव के लिये जसबीर सिंह टीटू,सह सचिव परमजीत सिंह पम्मे सीनियर, मनी बग्गा, कोषाध्यक्ष इंदरजीत सिंह पप्पू, सह कोषाध्यक्ष इंदरराज सिंह काकू भामरा, स्टोर कीपर रसपाल सिंह, ऑडिटर के रूप में अधिवक्ता मंजीत सिंह सोहल की नियुक्ति हुई है, नवीन प्रबंधन कार्यकारिणी की घोषणा वैशाखी पर्व के दिन गुरुद्वारा प्रांगण में समूह साध संगत के बीच किये जाने की जानकारी लगी है।



## जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने किया सरपंच सदन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- जनपद प्रांगण में में किया गया है निर्माण

जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम पंचायत के सरपंचों के अस्थायी तौर पर रुकने हेतु निर्मित सरपंच सदन का लोकार्पण किया गया। जनपद अध्यक्ष स्नेहलता अनुज एक्का एवं उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से लोकार्पण करते हुए सरपंच संघ को समर्पित किया।

विदित हो कि जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायत के सरपंचो के अस्थायी रूप से रुकने के लिए सरपंच सदन का निर्माण किया गया है। दस लाख की लागत से निर्मित यह सरपंच सदन जनपद परिसर के अंदर मौजूद है। जिसका जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा विधिवत लोकार्पण करते हुए सरपंच संघ को सौंपा गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष ने कहा कि सरपंच सदन सरपंचो के अस्थायी तौर पर रुकने का अच्छा विकल्प है। दूर दराज क्षेत्र से आने वाले सरपंच यहां आकर ठहर सकते है। उनके ठहरने के लिए सरपंच सदन में पर्याप्त सुविधा उपलब्ध है। जनपद उपाध्यक्ष ने कहा कि सरपंच सदन बन जाने से सरपंचों को इसका सीधा लाभ होगा। सरपंच के साथ पंच उपसरपंच एवं गांव के लोग भी इसका लाभ ले सकते है। इसके देखरेख एवं रखरखाव की जिम्मेदारी सरपंच संघ की होगी। पूर्व बीडीसी अनुज एक्का ने कहा कि सरपंच सदन बनने से सरपंचों को इसका लाभ होगा। विषम परिस्थिति में उनके रुकने के लिए सरपंच सदन अच्छा विकल्प साबित होगा।

कार्यक्रम का संचालन आरडी चौहान एवं आभार प्रदर्शन मंडल संयोजक एसपी चौधरी ने किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य सरपंच पंच एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## धूमधाम से मनाया गया भगवान महावीर का जन्मोत्सव, निकाली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान महावीर जन्मोत्सव श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। जयंती की पूर्व संध्या बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को महावीर स्वामी के जीवन, शिक्षा एवं अहिंसा के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में बच्चों ने भजन नाटक-नृत्य आदि की प्रस्तुति दी। प्रजापित ब्रह्मकुमारी की विद्या दीदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रमाणिक पाठशाला के बच्चों द्वारा मंगलाचरण की प्रस्तुति उपरांत बच्चों ने भगवान महावीर के जीवन पर नाटक प्रस्तुत किया। धार्मिक भजनों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। गुरूवार को भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकली गई जिसमें दिगम्बर एवं श्वेताम्बर समाज के सभी लोगों ने भागीदारी कर भगवान महावीर के जियो और जीने दो का संदेश दिया। देवीगंज मार्ग में महेंद्र टुटेजा ने भगवान महावीर की आरती की वहीं प्रदीप गुप्ता ने शोभायात्रा का स्वागत कर फल वितरण किया। शहर के विभिन्न मार्गों में जैन परिवारों ने शोभायात्रा का स्वागत कर आचार्य विद्या सागर की चरण पादुका का दर्शन किया। अंत में भगवान महावीर की आरती कर जन्मोत्सव का समापन किया। इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, राजेश जैन, महावीर जैन, डॉ.एमके जैन, अनिल कुमार जैन, किशोर जैन, राहुल जैन, अतुल जैन, रामू जैन, विक्रांत जैन, विक्रम जैन, डॉ.अंजू गोयल, सुनीता जैन, अलका जैन, सुषमा जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।





शोभायात्रा में शामिल समाज के लो।



### दशनी देवी बनी सरपंच संघ की निर्विरोध अध्यक्ष

**सीतापुर।** जनपद पंचायत सभाकक्ष में सरपंच संघ का सर्वसम्मति से चुनाव हुआ। एक तिहाई सरपंचो की सहमति के बाद जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने अध्यक्ष पद हेतु सरपंच दशनी देवी के नाम की घोषणा की। जिसका सभी सरपंचो ने ताली बजाकर स्वागत किया। इस तरह ग्राम पंचायत भारतपुर से दो बार की सरपंच दशनी बाई सरपंच संघ की निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई। दशनी बाई नागवंशी समाज से आती है और इनका समाज मे अच्छी पकड़ है। ये नागवंशी समाज महिला विंग की सचिव है। दशनी बाई को सरपंच संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर नागवंशी समाज में भी खुशी का माहैल है। सरपंच संघ के चुनाव के दौरान जनपद अध्यक्ष स्नेहलता अनुज एक्का समेत समस्त जनपद सदस्य एवं सरपंचगण उपस्थित थे।

10 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 4/10/2025 9:55 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### बेमौसम बारिश के कारण महापौर कप क्रिकेट प्रतियोगिता स्थगित

**अम्बिकापुर।** कमल युवा वाहिनी द्वारा गुरूवार से आयोजित होने वाली नगर निगम के सभी 48 वार्डों की टीम का रात्रिकालीन क्रिकेट मैच बेमौसम बारिश होने के कारण स्थगित किया गया है। कमल वाहिनी के सदस्य अनीश सिंह ने बताया कि महापौर कप क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए नई तिथि और समय की सूचना शीघ्र ही जारी की जाएगी।

### पंचायत सचिव अपनी मांग को लेकर आज से करेंगे भूख हड़ताल




**राजपुर।** शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों की हडताल विगत 25 दिनों से निरंतर जारी है और अब सचिव संघ राजपुर में शुक्रवार से भूख हड़ताल की चेतावनी दे दी है। सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण का वादा किया गया था। चुनाव के दौरान घोषणापत्र समिति के संयोजक विजय बघेल ने सचिवों को आश्वासन दिया था लेकिन सरकार बनने के डेढ़ वर्ष बाद भी आज तक हमारी मांग पूर्ण नहीं हुई। 7 जुलाई 2024 को इन्डोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री, विधान सभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, मंत्री महिला बाल विकास विभाग तथा घोषणा पत्र के संयोजक सांसद दुर्ग की उपस्थिति में बैठक के दौरान पंचायत सचिवों को वादा पूरा करने का भरोसा दिया गया था कमेटी गठन की बात की गई थी। मुख्यमंत्री के घोषणा अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु उल्लेख किया गया था। उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। जिस पर पंचायत सचिवों को पूर्ण आशा एवं विश्वास था कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में शासकीयकरण की सौगात दी जाएगी लेकिन बजट सत्र में भी निराशा मिली। यही वजह है कि सचिव संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। 25 दिनों से जारी हड़ताल का भी सरकार पर कोई असर नहीं हुआ है इस लिए अब शुक्रवार से भूख हड़ताल किया जाएगा। इस दौरान संघ के सचिव शेखर कुजूर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अगस्तुस टोप्पो, कृष्णानंद तिवारी, देवीदयाल मरावी, रामचंद्र यादव, कल्लू राम, सुनील तिवारी, प्रदीप जायसवाल, रामप्रसाद पैकरा, मदन राम, नोहर साय, रामदीन राम, सरोज आदि मौजूद थे।

## जगह-जगह गिरे विद्युत पोल, उड़े घरों के शेड, छप्पर

# चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से फिर बदला मौसम, आंधी के साथ हुई बारिश



आंधी से बंगालीपारा में क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर डीपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मौसम में आए बदलाव से लगातार दो दिन आए आंधी-तूफान एवं बेमौसम बारिश ने भारी तबाही मचाई है। आंधी-तूफान से जगह-जगह घरों के छप्पर उखड़ गए हैं वहीं बड़ी संख्या में विद्युत पोल व तार क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मौसम विज्ञानी आगामी दो-तीन दिनों तक मामूली उतार-चढ़ाव के साथ मौसम के इसी तरह रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**

- परस्पर विरोधी हवाओं के टकराने से आया मौसमी बदलाव

पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी में तमिलनाडु के पास सुस्पष्ट दबाव अवदाब में बदल गया है लेकिन इसके तूफान का रूप लेने की संभावना नहीं है। खाड़ी में हो रहे तेज हलचल के साथ ही पश्चिम बंगाल से झारखंड, छत्तीसगढ़ से होते हुए तमिलनाडु तक द्रोणिका सक्रिय है। एक अन्य द्रोणिका मध्यप्रदेश के ऊपर से गुजर रही है। खाड़ी में हो रही तेज हलचल से बुधवार को उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ का प्रभाव भी पहुंच गया है। बंगाल की खाड़ी से लगातार आ रही नमी से विक्षोभ ताकतवर बन गया है। एक साथ अनेक मौसमी घटकों की सक्रियता से छत्तीसगढ़ के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है जिसके प्रभाव से मौसम में व्यापक बदलाव आया है तथा इसके प्रभाव से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि आसपास के राज्यों सहित भारत का एक तिहाई हिस्सा प्रभावित है। विक्षोभ के प्रभाव से हवा की दिशा पश्चिमी से बदलकर दक्षिणी हो गई है। परिसंचरण के प्रभाव से परस्पर विरोधी हवाएं ऊपरी आसमान पर टकरा रही हैं जिसके कारण पिछले दो दिनों से दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदल जा रहा है। गुरूवार को देर शाम आंधी-तूफान एवं गरज-चमक के साथ वर्षा हुई। आंधी-तूफान से शहर से सटे ग्राम पंचायत सरगवां, सकालो, डिगमा, विशुनपुर एवं लुंड्रा ब्लॉक अंतर्गत रघुनाथ नगर में भारी क्षति हुई है। गुरूवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप व शाम में धूलभरी आंधी चली तथा रिमझिम वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी शुक्रवार को पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी में सक्रिय अवदाब के कमजोर पड़ने एवं विक्षोभ के प्रभाव से आगामी दो-तीन दिनों तक मौसम के यथावत रहने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि मौसम में आए बदलाव से कुछ क्षेत्रों में धूल भरी आंधी चलने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है।


### जगह-जगह गिरे विद्युत पोल

गुरूवार को आए आंधी-तूफान ने शहर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। आंधी-तूफान से विद्युत तार व पोल पर पेड़ों की डाल गिरने से ग्राम डिगमा में ट्रांसफार्मर डीपी, सरगवां एवं भकुरा में तीन-तीन विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। रघुनाथ नगर में तीन विद्युत पोल टूट गए हैं। आंधी से प्रभावित गांवों में ग्रामीणों के घरों में लगे टीन एवं सीमेंट के छप्पर उखड़ गए हैं वहीं जगह-जगह पेड़ गिर गए हैं। विद्युत पोल व तार क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रभावित है। कार्यपालन यंत्री रोशन नागवंशी ने बताया कि क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन की मरम्मत की जा रही है। गुरूवार की शाम चली आंधी के दौरान सुरक्षा कारणों से शाम 4.30 से 5.30 तक शहर की विद्युत आपूर्ति ठप रही। आंधी के शांत होने पर आपूर्ति सुचारू हुई।

### भींग गई खलिहान में रखी फसल

आंधी-तूफान एवं बेमौसम बारिश ने किसानों को चिंता में डाल दिया है। क्षेत्र में गेहूं सहित अन्य खरीफ फसलों की कटाई, मिसाई चल रही है। बेमौसम बारिश से खेत खलिहानों में खुले आसमान के नीचे पड़ी गेहूं-चना, सरसों आदि की फसल भींग गई है। बार-बार भींगने के कारण किसानों को फसल के दाने खराब होने एवं भारी नुकसान होने की चिंता सता रही है।

### रिमझिम बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत



**प्रतापपुर।** मौसम के अचानक बदल जाने से तेज हवा के साथ रिमझिम बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। कुछ दिनों से बढ़ गर्मी और उमस से जहां लोग परेशान थे वही आज दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदला गया और देर शाम तक तेज हवा तूफान के साथ रिमझिम बारिश हुई। इस गर्मी में लोगों को जहां थोड़ी राहत मिली है वही उमस भरी गर्मी का फिर से एहसास होने लगा है। इस बीच आंधी तूफान चलने से स्टेडियम में कई पेड़ गिर गए। ज्ञात होगी लगातार 2 दिन से गर्मी तेज पढ़ी हुई थी जहां आज रिमझिम बारिश से मौसम परिवर्तन हो गया। बताया जा रहा है कि विकासखंड प्रतापपुर के कई क्षेत्रों में तेज हवा के साथ अच्छी बारिश हुई है।

### बारिश के बाद गर्मी से मिली राहत



**सीतापुर।** दोपहर बाद अचानक मौसम में हुए बदलाव की वजह से तेज आंधी के साथ बारिश की बौछार हुई। बारिश के बाद तेज गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है। इस दौरान आंधी के कारण कई स्थानों पर पेड़ के डंगाल टूटने के साथ ही विद्युत व्यवस्था बाधित होने की सूचना मिल रही है। विदित हो कि दोपहर में पड़ने वाली तेज गर्मी के बाद अचानक मौसम के तेवर बदल गए। दोपहर बाद तेज गरज और आंधी के साथ हुई बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। शाम को लगभग दो घंटे तक हुई रिमझिम बारिश की वजह से मौसम काफी खुशगवार हो गया है। इस दौरान तेज आंधी की चपेट में आकर बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई। जिससे कई घंटों तक शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो गई थी।इसके साथ ही तेज आंधी ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में काफी तबाही मचाई है। कई जगह पेड़ो के डंगाल टूटकर गिरने की वजह से सड़क बाधित हो गया था। जिसे लोगो के सहयोग से हटाकर सड़क पर आवागमन शुरू कराया गया। रुक रुककर होने वाली बारिश की वजह से फसलों को नुकसान नहीं पहुंचा है बल्कि इस बारिश से गर्मी के दिनों में खेतों में लगाये गए धान की फसल को काफी लाभ होगा।





## सरहुल पर्व पर उरांव समाज ने निकाली भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को सनातनी हिन्दू उरांव समाज द्वारा सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समाज द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा नगर भ्रमण उपरान्त सरना स्थल में सभा में तब्दील हुई जहां विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। बता दें कि गुरुवार को सनातनी उराव समाज द्वारा शहर में सरहुल पर्व के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के पटेलपारा हिन्दू उरांव भवन से गाजे बाजे के साथ शुरू हुई। पारम्परिक जनजातीय परिधानों से सुसज्जित समाज के पुरुष, महिलाओं और युवा द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा पटेल पारा से बनारस रोड, अम्बेडकर चौक, गांधी चौक, घड़ी चौक, संगम चौक, लरंगसाय चौक होते हुए सरना स्थल पहुंची जहां सभा का अयोजन किया गया। यात्रा के दौरान उरांव समाज के लोग ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर ढोल, मांदर और अन्य वाद्य यंत्रों की धुन पर लोकनृत्य करते निकले। इस दौरान नगर धरती माता की जय, सरना माता की जय₹ जैसे जयघोषों से गूंज उठा। इस दौरान समाज के अध्यक्ष बंशीधर उरांव ने बताया कि पावन सरना पूजा, सरहुल पर्व प्रकृति की आराधना, भाईचारे और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक माना जाता है। सनातनी उरांव समाज द्वारा महादेव पार्वती, धरती माता, सरना माता के जयकारे के साथ यह शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान हमने देश के सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें स्वस्थ रहने की कामना की।

- पारम्परिक परिधानों के साथ निकलीं शोभा यात्रा का लोगों ने किया स्वागत

### जगह जगह किया गया स्वागत

हिन्दू उरांव समाज द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया। पावन सरना पूजा, सरहुल पर्व के शुभ अवसर पर निकली शोभायात्रा का अग्रहरि समाज ने सामाजिक सेवा के तहत शोभायात्रा में भाग लेने वाले सभी आगंतुकों को शरबत और शुद्ध पेयजल की सेवा प्रदान कर इस पुण्य कार्य को अत्यंत श्रद्धा और समर्पण के साथ सम्पन्न किया। गर्मी के मौसम में यह सेवा सभी के लिए न केवल राहत का स्रोत बनी, बल्कि मानवता की एक मिसाल भी पेश की। सभी ने एकजुट होकर पूरी निष्ठा, समर्पण और गर्मजोशी के साथ इस सेवा कार्य को सम्पन्न किया, जिससे समाज में सहयोग, एकता और सेवा भावना का सशक्त संदेश गया।

## मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ व राम कथा समारोह में उमड़ रही भीड़



**अंबिकापुर।** शहर के गांधीनगर गांधी चौक स्थित श्री मारुति नंदन हनुमान मंदिर के हनुमत सेवा समिति द्वारा मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा में प्रतिदिन भीड़ उमड़ रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त कथा सुनने के लिए पहुंच रहे है। ज्ञान यज्ञ और राम कथा से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया है। बता दें कि श्री मारुति नंदन हनुमान मंदिर के हनुमत सेवा समिति द्वारा मारुति नंदन ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा का आयोजन 7 से 13 अप्रैल तक किया गया है। ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा में प्रतिदिन वृन्दावन से पधारे पंडित प्रहलाद महराज द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है। गुरुवार को श्री मारुति नंदन ज्ञान यज्ञ में राम जन्म, बाल लीला, धनुष यज्ञ एवं राम विवाह के प्रसंग का व्याख्यान किया गया। इसके साथ ही देवीगंज रोड स्थित आनंद दर्शन के संचालक विष्णु गुप्ता एवं श्रीमती संगीता गुप्ता द्वारा श्री मारुति नंदन हनुमान मंदिर प्रांगण गांधी नगर अंबिकापुर में वाटर फ्रिज प्रदान किया गया प्रतिदिन कथा वाचन में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उम्र रही है। प्रतिदिन लोग फेरी देने आते है और पूजा अर्चना करते है। इस दौरान आयोजनकर्ता हनुमंत सेवा समिति द्वारा लोगों से आह्वान किया गया है कि भीड़ से बचने हेतु पहले आकर स्थान ग्रहण करें, बुजुर्गजनों के लिए कुर्सी की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही कथा उपरांत भंडारा प्रसाद ग्रहण की व्यवस्था की गई है।







## सेन्ट्रल इनवायरमेंट एक्सपर्ट कमेटी के सदस्यों ने केतकी खदान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

भूमिगत खदानों में प्रदूषण के स्तर का पता लगाने नई दिल्ली की इनवायरमेंट अप्रेजल कमेटी के सदस्यों ने गुरुवार को कोल इंडिया की पहले एमडीओ मोड में संचालित केतकी भूमिगत खदान परियोजना का निरीक्षण किया।नई दिल्ली से निरीक्षण के लिए बुधवार शाम पहुंची एक्सपर्ट कमेटी के अतिरिक्त मुख्यालय बिलासपुर व सीएमपीडीआईएल के अधिकारी भी इस दौरान निरीक्षण टीम के साथ थे।निरीक्षण टीम बुधवार को बिश्रामपुर क्षेत्र पहुंची, इसके बाद दूसरे दिन टीम सीधे केतकी खदान पहुंची और खदान के भीतर प्रदूषण की स्थिति का आंकलन किया।यहां करीब तीन घंटे के निरीक्षण के बाद टीम खदान के बाहर निकली जहां टीम के सदस्यों ने खदान परिसर में पौधा रोपण भी किया।

यहां क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय तिवारी,सहक्षेत्र प्रबंधक उग्रनाथ झा ने केतकी खदान के विषय में टीम को विस्तार से जानकारी दी और खदान से होने वाले प्रदूषण के प्रभाव को कम करने किए गए प्रबंधकीय प्रयासों से टीम को अवगत कराया।बताया गया कि खदानों से होने वाले प्रदूषण के प्रभाव के आंकलन के लिए भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा इनवायरमेंट एक्सपर्ट अप्रेजल की अलग अलग टीम का गठन किया गया है।उक्त कई अलग टीम कोल इंडिया के अलग अलग कंपनियों में दौरा कर भूमिगत खदानों में प्रदूषण के स्तर प्रभाव का आंकलन कर रही है।इन्हीं में एक टीम एसईसीएल के दौरे पर भी पहुंची है।एसईसीएल में दो खदानों केतकी भूमिगत खदान चिरमिरी के विजय वेस्ट खदान को निरीक्षण की सूची में शामिल किया गया है।ओपन कास्ट खदानों के मुकाबले भूमिगत खदानों में प्रदूषण का प्रभाव कम होने भूमिगत खदानों को पर्यावरण मापदंडों में रियायत देने के उद्देश्य से वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से गठित कमेटी सदस्यों के निरीक्षण को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। टीम ने उत्पादन के बाद बंद पड़ी पोखरिया खदान में माइंस क्लोजर मद करीब 8 करोड़ की राशि से निर्मित केनापारा पर्यटन केंद्र सहित बिश्रामपुर भटगांव में स्थापित किए गए 40 मेगावाट के सोलर परियोजना का भी निरीक्षण किया।इसके अतिरिक्त खुली व बंद खदानों के करीब से होकर प्रवाहित रेड़ नदी के भी बहाव सहित जल में प्रदूषण के स्तर का टीम ने मूल्यांकन किया।यहां खदान प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों से भी टीम के सदस्यों ने मुलाकात कर खदान से उनके जीवन में पड़े दुष प्रभाव सहित कंपनी द्वारा उनके लिए मुहैय्या कराए गए सुविधाओं का ब्यौरा एकत्रित किया।बताया गया कि मूल्यांकन टीम निरीक्षण की रिपोर्ट वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को सौंपेगी।निरीक्षण टीम में टीम लीडर एसएस सिंह, साइंटिस्ट चंद्रशेखर राव सहित कंपनी मुख्यालय सीएमपीडीआईएल के अधिकारी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

